भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate
Tele : 011-29583829, 29583545
e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 29/08/2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

Mahima 29/08/2024
~~(सहायक निदेशक)~~ EAD (HM)

उपनिदेशक 29/08/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.) 29/8/2024

DD

Date → 29/08/2024

THE HINDU

# Nature to the rescue



**Many uses:** A woman carrying a bundle of dried Dhaincha stems wading through a waterlogged paddy field at Goroimari village in Assam on Wednesday. Villagers living in low-lying areas of the State plant Dhaincha to use them as kindling during floods. RITU RAJ KONWAR

Date → 29/08/2024

नव भारत टाइम्स

# गुजरात: बारिश से 19 और मौतें, बाढ़, PM मोदी ने CM से की बात

■ भाषा, अहमदाबाद

गुजरात में बारिश से संबंधित घटनाओं में 19 और लोगों की मौत हो गई, जिससे ऐसी घटनाओं में तीन दिन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भी बारिश जारी रही। अधिकारी NDRF, SDRF, सेना, वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य संचालित कर रहे है। अब तक 17,800 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया और इस संकट में केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**अब तक 17,800 लोगों को बचाया गया है**

**CM ने कहा, पीएम ने मदद का आश्वासन दिया है:** मुख्यमंत्री पटेल ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात में भारी बारिश की स्थिति का जायजा लेने के लिए मुझसे फोन पर बात की और राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। पीएम मोदी ने मनुष्यों और जीव-जंतुओं की सुरक्षा के संबंध में बात की और केंद्र सरकार की ओर से सभी आवश्यक मदद देने का आश्वासन दिया। पीएम गुजरात में बाढ़ को लेकर चिंतित है और लगातार स्थिति पर नजर रख रहे है।

Agency



बाढ़ के बीच वडोदरा के एक अस्पताल में फंसे मरीजों को निकाला गया।

**निचले इलाके जलमग्न:** सौराष्ट्र क्षेत्र के कई जिलों खास तौर पर देवभूमि द्वारका, जामनगर, पोरबंदर और राजकोट में बुधवार को भी भारी बारिश हुई। गुजरात में अब तक औसत वार्षिक वर्षा की 105% बारिश हो चुकी है। विश्वामित्री नदी में बाढ़ आने से शहर के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। राज्य में 137 जलाशय, झीलें और 24 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। पश्चिम रेलवे ने बताया कि बारिश के कारण सड़कें और रेलवे लाइन जलमग्न हो गई जिससे यातायात और रेलगाड़ियों की आवाजाही भी बाधित हुई। मुंबई जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें रद्द कर दी गई और 10 अन्य ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द कर दी गई। मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि वडोदरा में स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि नदी के दोनों ओर कई इलाकों में अभी भी 10 से 12 फुट पानी भरा हुआ है।

## पार्टियों ने कार्यकर्ताओं से कहा, मदद करें

राजनीतिक पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को भी राहत और बचाव कार्य में लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे राहत और बचाव कार्य में हर संभव सहयोग करें। गुजरात बीजेपी ने भी अपने कार्यकर्ताओं को लगाया है, हालांकि इनमें से भी कई के घर बाढ़ की चपेट में है।

Date → 29/08/2024

नव भारत टाइम्स

# गुजरात में बाढ़-बारिश से मची तबाही, उफान पर नदियां, 19 और जानें गईं

PTI



**17,800 लोगों को बचाया**

गुजरात में बारिश के बाद 19 और लोगों की मौत। 3 दिन में जान गंवाने वालों की संख्या 26 हुई। 17,800 लोगों को सेफ जगह पर पहुंचाया।

**निचले इलाकों में बाढ़**

कई इलाकों में सेना बचाव में उतरी। झीलें और नदियां खतरे के निशान से ऊपर। निचले इलाकों में बाढ़। भारी नुकसान से जिंदगी हुई मुश्किल।

**पीएम ने सीएम से की बात**

प्रधानमंत्री ने गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की। इस संकट में केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ▶▶ पेज 8

Date - 29/08/2024

हिन्दुस्तान

# गुजरात में बारिश बनी मुसीबत, 19 की मौत

**मौसम की मार**

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात में बारिश और बाढ़ से हालात काफी खराब हो गए हैं। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में 19 और लोगों की मौत हो गई, जिससे तीन दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई, जबकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से करीब 17,800 लोगों को निकाला जा चुका है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अलावा सेना, भारतीय वायुसेना और तटरक्षक बल बारिश से प्रभावित हुए इलाकों में बचाव और राहत अभियान चला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बातचीत की तथा प्राकृतिक आपदा से निपटने में राज्य को केंद्र के समर्थन का आश्वासन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को दीवार गिरने और डूबने जैसी बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। वडोदरा शहर में अपने घरों और छतों में फंसे लोगों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की तीन टुकड़ियों की टीमों ने बचाया और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सौराष्ट्र के जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।

**सेना की पांच-पांच टुकड़ियां तैनात :** अधिकारियों ने बताया कि मोरबी, आणंद, देवभूमि द्वारका, राजकोट और वडोदरा में राहत एवं बचाव अभियान के लिए सेना की पांच-पांच टुकड़ियों को तैनात किया गया है।



जामनगर में बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेतीं विधायक रिवाबा जडेजा •प्रेट्र

## तटरक्षक बल ने अरब सागर से 13 मछुआरे बचाए

अहमदाबाद। भारतीय तटरक्षक बल ने द्वारका जिले में तट से दूर अरब सागर में बह रही नाव पर सवार 13 मछुआरों को बचाया। समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईसीजी ने बताया कि मंगलवार को मछली पकड़ने वाली नौका पद्मावती के मालिक के संदेश पर कार्रवाई की गई है।

## राजस्थान : माउंट आबू, गंगानगर में भारी बारिश

जयपुर। राजस्थान में विभिन्न हिस्सों में मानसून की बारिश जारी है। बीते 24 घंटे में माउंट आबू तथा गंगानगर में भारी बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते 24 घंटे में राज्य में अनेक स्थानों पर बादलों की गरज के साथ वर्षा हुई।

## पटरियों पर पानी भरा, वंदे भारत समेत आठ ट्रेनें रद्द

पश्चिम रेलवे ने बताया कि बारिश के कारण सड़कें और रेलवे लाइन जलमग्न हो गई जिससे ट्रेनों की आवाजाही भी बाधित हुई। मुंबई जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें रद्द कर दी गईं और 10 अन्य ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं।